साक्षरता कार्यक्रम हेतु मधुबनी जिला को उपलब्ध कराई गई राशि

815। **श्री रामदेव भंडारती:** क्या **प्रधामंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष में सरकार द्वारा राष्ट्रीय साक्षरता मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत बिहार के मधुबनी जिला को अब तक कुल कितनी राशि उपलब्ध कराई ग है और इसका ब्यौरा क्या है;

(ख) इस कार्यक्रम के अंतर्गत लाए जाने वाले गांवों और प्रखंडों के क्या नाम है और इसमें शामिल किए गए महिलाओं और पुरुषों का प्रतिशत क्या है; और

(ग) इस कार्यक्रम की संचान समिति, उसके कर्मचारियों की संख्या, पद ताथ वेतन का ब्यौरा क्या है?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में राज्य मंत्री (कुमारी शैलजा): (क) पिछले तीन वर्षों के दौरान राष्ट्रीय साक्षरता मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत, मधुबनी जिले को कुल 312.81 लाख रु० की राशि उपलब्ध कराई गई है। यह राशि वर्ष 1994-95 के दौरान जारी की गई थी।

(ख) इस जिले के सभी ब्लाकों तथा गांवों को साक्षरता कार्यक्रम के अन्तर्गत शामि किया जा रहा है। इस जिले में 9-40 वर्ष के आयु वर्ष के 9.13 लाख निरक्षर पुरुष तथा महिलाओं को शामिल किया गया है।

(ग) जिलाधीश की अध्यक्षता में भारत ज्ञान-विज्ञान समिति, मधुबनी साक्षरता कार्यक्रम की संचालन समिति है। जिला, ब्लाक, पंचायत तथा टोला स्तरीय विभिन्न समितियां तथा पूर्णकालिक कार्यक्रर्त्ता इसकी सहायता करते हैं। कार्यकर्त्ताओं के लिए स्वीकृत की गई संख्या, पद तथा मानदेय का बयैरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

विवरण

साक्षरता कार्यक्रम चरण I

पद	संख्या	मानदेय
		(रु० में
परियोजना समन्वयक	11	3000प्रति माह प्रति कार्यकर्त्ता
कार्यालय सहायक	4	2000 -वही-
ब्लाक परियोजना समन्वयक	10	2500 -वही-
कार्यालय सहायक	10	1500 -वही-
पंचायत समन्वयक	135	100 -वही-

साक्षरता कार्यक्रम चरण II

जिला मुख्य समन्वयक	1	3000	-वही-
जिला समन्वयक	10	2000	-वही-
कार्यालय सहायक	4	1500 -वही-	
ब्लाक परियोजना समन्वयक	30	1000 -वही-	
कार्यालय सहायक	30	900 -वही-	
क्षेत्रीय प्रभारी	56	800 -वही-	
उप परियोजना समन्वयक	278	700	-वही-

गुजरात की सिंचाई परियोजना हेतु विदेशी सहायता

816. **श्री गोपाल सिंह जी सोलंकी:** क्या **जल संसाधन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) इस समय विदेशी सहायता से चल रही गुजरात की सिंचाई परियोजनाओं का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) इन परियोजनाओं हेतु अब तक प्राप्त सहायता का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार सरकार ने राज्य की कुछ अन्य परियोजनाओं के लिए विदेशी सहायता उपलब्ध कराए जाने का अनुरोध किया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

जल संसाधन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० वी० रनगैया नायडू) (क) **इस समय गुजरात में विदेशी सहायता से दो सिंचाई परियोजनाएं नामशः (1) विश्व बैंक की सहायता से 31.04 करोड़ रुपए वाली गुजरात घटक की जल विज्ञान परियोजना और (2) नीदरलैंड की सहायता से 9.90 करोड़ रुपए की जल संसाधन विकास और प्रबंध परियोजना चरण-I** क्रियान्वित की जा रही है।